सगुनु खीरु अवगुन जलु ताता। मिलइ रचइ परपंचु बिधाता।।
भरतु हंस रबिबंस तड़ागा। जनमि कीन्ह गुन दोष बिभागा।।
रामकथा 918-मानस-परमहंस | बेलूर मठ, प. बंगाल | मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 330 | इंदौर, शुक्रवार 09 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Manipur: इंटरनेट सेवाएं बर्खास्त करने के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार; सुप्रीम कोर्ट ने कही ये बात
2. Tweet War: सीएम पर फिर भड़कीं नवजोत कौर, कहा- मान साहब, आप सिद्धू की गिफ्ट में दी कुर्सी पर बैठे हैं
3. Weather Update: चक्रवात 'बिपरजॉय' बनेगा और भी खतरनाक, अगले 36 घंटे अहम; जानें किन- किन राज्यों में दिखेगा असर
4. Mumbai: 'महिला ने तीन जून को ही कर ली थी आत्महत्या; बचने के लिए शव ठिकाने लगाने की रची साजिश', आरोपी का दावा
5. Pakistan: पाकिस्तान में पड़े खाने के लाले, आटे की चोरी रोकने के लिए लागू हुई धारा 144
6. दर्दनाक: एक झपकी और छिन गईं दो परिवारों की खुशियां, नवंबर में होना था चांद का निकाह, ट्रैक्टर के हुए दो टुकड़े
7. Jhansi News: झांसी-कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, योगा कर रहे छह किशोरों को बेकाबू डंपर ने कुचला

### कसा शिकंजा, कर दी बड़ी कार्रवाई

# मध्य प्रदेश में आयुष्मान में अनुबंधित 120 अस्पतालों की संबद्धता खत्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में आयुष्मान योजना का संचालन करने वाले राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) ने 120 निजी अस्पतालों की संबद्धता खत्म कर दी है। रोगियों के उपचार में लापरवाही और ज्यादा पैसे लेने, योजना के अंतर्गत निर्धारित मापदंड पूरा न करने आदि मामलों को लेकर अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यह शिकंजा इसलिए भी कसा गया है कि कई दिनों से अस्पतालों में विभिन्न अनियमितताओं और लापरवाही की शिकायत मिल रही थी।




केंद्र ने प्रदेश के 28 ऐसे अस्पतालों की सूची एसएचए को दी थी जिन्होंने बीते छह माह में पांच से कम रोगियों का उपचार योजना के अंतर्गत किया था। इनकी संबद्धता समाप्त कर दी गई है। योजना में अनुबंधित होने के कारण रोगी भी इन अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचते थे, पर उन्होंने उपचार नहीं किया।

इसका एक कारण यह भी है कि उपचार के कई पैकेज में अस्पतालों को अपेक्षाकृत कम लाभ है। इस कारण वह आयुष्मान के रोगियों को भर्ती ही नहीं करते। दूसरे वह अस्पताल हैं जो निर्धारित मापदंड का पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल नए नियम में मेडिसिन से जुड़ी बीमारियों का उपचार वही अस्पताल कर सकते हैं जिनके पास कम से कम 50 बिस्तर हों। इससे कम बिस्तर वाले अस्पतालों की संबद्धता खत्म की गई है।

### मरीजों से पैसा लेने की शिकायत मिली

तीसरी श्रेणी में गड़बड़ी करने वाले अस्पताल हैं। इनकी संख्या 25 से अधिक है। स्टेट हेल्थ एजेंसी की जांच में इन अस्पतालों में बिना आवश्यकता रोगियों को भर्ती करने, बिना जरूरत ज्यादा अवधि तक भर्ती रखने, मरीजों को आइसीयू में रखने, पैकेज के अलावा रोगियों से भी राशि लेने की शिकायतें मिली थीं। ये कार्रवाई पिछले माह की गई है। जिसे अब सार्वजनिक किया गया है।

# आईडीए ने मेला आयोजकों को थमाया 27 लाख जमा करने का नोटिस

### एक एकड़ जमीन पर लगा रखा है मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खाटू श्याम मंदिर के नाम पर विजयनगर चैराहे पर चल रहे समर कार्निवल मेले में बड़ी कार्यवाही करते हुये इंदौर विकास प्राधिकरण ने आयोजको को 27 लाख से अधिक रुपए जमा करने का का नोटिस थमा दिया। प्राधिकरण ने धोखा देकर करीब एक एकड़ जमीन पर मेला लगाने वाले आयोजको को तीन दिन में जीएसटी सहित बकाया धन राशी जमा करने को कहा है।**



उल्लेखनीय है कि विजय नगर चैराहे पर मेला आयोजको ने करीब एक एकड़ जमीन पर कमर्शियल मेला लगा रखा है। आयोजको ने लूट का नायब तरीका निकाला और मात्र पांच हजार स्क्वेयर फीट जमीन का दो लाख पंद्रह हजार रुपए किराया जमा कर 43 दिनों के लिए अनुमति प्राप्त करली। जब इस मामले का पदार्फाश हुआ तो प्राधिकरण के सीईओ ने टीम भेजकर मेला स्थल की नपती करवाई तो पूरा मामला सामने आया।

प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी वर्ग-2 ने आयोजको को 05 जून को प्रेषित किये पत्र में कहा कि आपके द्वारा 63,602 स्क्वेयर फीट जगह पर मेले का संचालन किया जा रहा है इसलिए तीन दिन में रुपए 27,34,902/- जीएसटी अतिरिक्त जमा करें अन्यथा आपके विरूध कार्यवाही की जायेगी।

विजयनगर चैराहे पर प्राधिकरण की जो जमीन है उसका क्षेत्रफल लगभग एक लाख वर्गफीट है। जमीन बेशकीमती है। 50 हजार वर्गफीट पर खाटू श्याम का दरबार और मेला लगा हुआ है। मेले में प्रवेश के लिए 30 रुपए की फीस तय है। इसके अलावा झूले का किराया अलग। शाम 4 से रात 11 बजे तक मेला चलता है। इस दौरान 3000 से अधिक लोग मेला देखने आते हैं। जिनके माध्यम से मेला संचालकों को रोजना डेढ़ लाख रुपए की कमाई हो रही है। पार्किंग का शुल्क भी तय है। जो अलग है। दुकानदारों से भी पैसे लिए गए हैं। दूसरी तरफ प्राधिकरण को महीनेभर चलने वाले इस मेले से किराए के तौर पर बमुश्किल एक लाख रुपए मिलना है। बाकि पूरी कमाई आयोजकों की होगी। किराया कम देने के लिए मैदान का कुछ हिस्सा ही किराए पर लिया गया है और उसी की अनुमति ली गई।

इंदौर में लिखा जाएगा एक नया इतिहास

# जब एक साथ किसी एक योजना में चार लाख से अधिक महिलाएं होंगी लाभान्वित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर लागू मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति इंदौर जिले में अपार उत्साह का माहौल है। इंदौर जिले में 10 जून को एक नया इतिहास लिखा जाएगा जब एक साथ किसी एक योजना में एक ही दिन में चार लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी। इस दिन लाड़ली बहनों के बैंक खातों में एक-एक हजार रूपए की राशि आएगी। इसके बाद से उन्हें हर महीने एक-एक हजार रूपए मिलना शुरू हो जाएंगे। इस माह लाड़ली बहनों के खातों में एक-एक हजार रूपए की राशि जमा करने के लिए बैंकों को 40 करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित कर दी गयी है।

यह जानकारी आज यहां इंदौर जिले के प्रभारी तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा योजना क्रियान्वयन के संबंध में ली गयी समीक्षा बैठक में दी गयी। बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री मकरंद देऊस्कर, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, विधायक श्री रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता तथा श्री राजेश सोनकर, इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने योजना क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुसार क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन से हर लाभान्वित महिला के चेहरे पर मुस्कान है। अपने बेहतर भविष्य के प्रति आशान्वित है। इंदौर जिले में 10 जून का दिन उमंग, उत्साह से भरपूर ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बेटी के जन्म से लेकर उनके जीवन के हर पड़ाव के लिए योजना क्रियान्वित की है। उन्होंने कहा कि इंदौर जिले में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इंदौर जिला चार लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित कर पूरे प्रदेश में अव्वल है।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने योजना क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदौर जिले में चार लाख 39 हजार 612 महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें से वर्तमान में आवेदनों की पूर्ण औपचारिकता होने पर चार लाख 12 हजार महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। शेष महिलाओं के खाते में भी औपचारिकाएं पूर्ण होने के पश्चात राशि जमा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक हजार रूपए प्रति महिला के मान से बैंकों को राशि जमा कर दी गयी है। यह राशि महिलाओं के खाते में 10 जून को आ जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में साढ़े तीन लाख से अधिक महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरित कर दिए गए हैं। शेष महिलाओं को भी 10 जून के पहले स्वीकृति पत्र वितरित कर दिए जाएंगे। जिले में आज ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में लाभान्वित महिलाओं के नामों का वाचन किया गया।

बताया गया कि इंदौर जिले में लाड़ली बहना योजना को लेकर अपार उत्साह का माहौल है। इंदौर जिले में वर्तमान में महिलाओं को घर-घर जाकर स्वीकृति पत्र के वितरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को खेतों तक पहुंचकर भी स्वीकृति पत्र दिये जा रहे हैं। इंदौर जिले में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वीकृति पत्र वितरित हो रहे हैं। जिन महिलाओं को स्वीकृति पत्र मिल रहे हैं, उनके चेहरे पर खुशी का एक अलग ही भाव नजर आ रहा है। महिलाओं में चहुंओर खुशी है। महिलाएं अपनी खुशी का इजहार सेल्फी पाइंट पर सेल्फी खिंचवाकर भी कर रही हैं। महिलाएं घर बैठे ही स्वीकृति पत्र मिलने से बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि हमें यह उम्मीद नहीं थी कि हमें घर बैठे ही इतनी आसानी से स्वीकृति पत्र प्राप्त हो जाएंगे। जिले में 9 जून को भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जगह-जगह होंगे। इसी तरह 10 जून को लाड़ली बहना उत्सव का दिन रहेगा। इस दिन जिले में गांव-गांव तथा शहरी क्षेत्र में वार्डवार कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक, भजन आदि कार्यक्रम होंगे। लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां भी होंगी। लाड़ली बहना थीम पर महिलाएं जगह-जगह रांगोलियां बनाकर अपनी खुशी का इजहार करेंगी। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में जबलपुर से आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात 10 जून की रात्रि में लाड़ली बहना दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। उत्सव के स्वरूप में लाड़ली बहनें घर-घर दीप जलाएंगी।

## तिगुनी तेज हवाओं से उच्चदाब लाइनों पर गिरे शेड

### बिजली कर्मचारियों ने रातभर कार्य कर कम समय में सुधारी आपूर्ति व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बुधवार की रात जिले के बेटमा के रावत एवं विजेपुरा क्षेत्र में 52 किमी की गति से तूफानी हवाएं चली। इससे बिजली वितरण कंपनी की 33 केवी की दो लाइनों पर पचास फीट ऊंचे टीन शेड गिर गए। रात में कार्य प्रारंभ कर अनुमानित से आधी अवधि में बिजली व्यवस्था सुचारू की गई।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि 33 केवी के उच्चदाब लाइन (फीडरों) पर बुधवार रात छः स्थानों पर पचास फीट ऊंचे औद्योगिक इकाइयों के टीन शेड उड़कर गिर गए। इससे पोल क्षतिग्रस्त हो गए, तार टूट गए, इंसुलेटर खराब हो गए। डॉ. शर्मा ने बताया कि रात में ही कार्यपालन यंत्री श्री टीसी चतुर्वेदी ने अन्य दो इंजीनियरों समेत करीब अस्सी कर्मचारियों को लगाया। दोनों ही फीडरों पर करीब सवा तीन किमी क्षेत्र की लाइनें ठीक की गई, पोल ठीक किए गए, इंसुलेटर बदले गए। यह पूरा कार्य मात्र तेरह घंटे में पूर्ण किया गया। औसतन सवा तीन किमी क्षेत्र की उच्चदाब लाइन सुधारने, टनों वजनी टीन शेड हटाने, तार डालने व अन्य जरूरी कार्य में औसतन चौबीस घंटे का समय लग जाता है। कंपनी प्रबंधन ने इस कठिन कार्य को चुनौती मानकर अत्यंत कम समय में पूर्ण कर बिजली आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने पर कर्मचारियों, अधिकारियों की प्रशंसा की हैं।

श्रम विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 5 संस्थानों से 7 किशोर एवं एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्रम विभाग के अमले ने आज रेल्वे स्टेशन एवं सरवटे बस स्टेंड के आसपास के क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 संस्थानों से 7 किशोर एवं एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया। यह कार्रवाई बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत की गई है। सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती मेघना भट्ट ने बताया कि उक्त कार्रवाई श्रम निरीक्षक श्री आशाराम वर्मा, सुश्री तृप्ति डावर, सुश्री किरण भागवानी, श्री छोटेलाल साहू, श्री कुलदीप इंगले तथा सुश्री पूर्णिमा चुरिहार द्वारा की गई । कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के व्यापारियों को बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के प्रावधानों की जानकारी दी गई । बताया गया कि अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों का सभी प्रकार के नियोजनों में नियोजन प्रतिबंधित है। साथ ही बताया गया कि 14 से 18 वर्ष के कुमारों का खतरनाक नियोजनों में काम करना प्रतिबंधित है। उक्त धाराओं के उल्लंघन पाये जाने पर 20 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक का अर्थदण्ड, 6 माह से दो साल तक के कारावास अथवा दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है।

कटाक्ष




## दीक्षा के बाद आटोमोबाइल इंजीनियर मोहित बने कैवल्यरत्न सागर महाराज

### आचार्य विश्वरत्न सागर के सान्निध्य में हुआ दीक्षा महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा जैसी उच्च शिक्षा की उपाधि प्राप्त करने वाले गुजरात के 21 वर्षीय मोहित शाह ने गुरुवार को इंदौर में जैन दीक्षा ली। दीक्षा के बाद उन्हें नया नाम कैवल्यरत्न सागर नाम मिला। इस घड़ी के साक्षी सैकड़ों की संख्या में बास्केटबाल में मौजूद समाजजन बने। इस अवसर पर उन्होंने सांसारिक जीवन की वैभव और ऐश्वर्य सहित रोजमर्रा के जीवन में काम आने वाली वस्तुओं का त्याग किया।



नवरत्न परिवार एवं जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ तथा सकल जैन श्रीसंघ की मेजबानी में दीक्षा महोत्सव आयोजित हुआ। आचार्य विश्वरत्न रत्न सागर एवं आचार्य मतिचंद्र सागर सहित साधु-साध्वी भगवंत के सान्निध्य में दीक्षा की विधि संपन्न हुई। सुबह सबसे पहले मोहित ने गृह त्याग की रस्म पूरी की। इसके बाद दीक्षा की आज्ञा गुरु और परिजनों से ली। इस अवसर पर मंत्रोच्चार के बीच समोशरण की परिक्रमा लगाई। इस मौके पर वे खुशी से झूमे तो पंडाल में जय जिनेंद्र का जयघोष गूंजने लगा। इसके बाद सांसारिक वस्त्र का त्याग कर साधु वेश धारण किया। केशलोच के बाद संतों ने साधु जीवन के लिए नया नाम दिया।

आचार्यदेव विश्वरत्न सागर महाराज ने कहा कि इतने उच्च शिक्षित, सुदर्शना, संस्कारी परिवार के बेटे ने संसार का त्याग कर संयम एवं वैराग्य के मार्ग पर चलने का जो निर्णय लिया है, वह समूचे समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। जिस प्रफुल्लता और प्रसन्नता के साथ मोहित ने तप, त्याग और संयम की राह को चुना है, वह अभिनंदनीय और अनुकरणीय है। इस मौके पर आचार्य मतिचंद्र सागर महाराज ने भी संबोधित किया। महोत्सव आयोजन समिति की ओर प्रवीण श्री श्रीमाल ने दीक्षा महोत्सव की जानकारी देते हुए आचार्यदेव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस मौके पर पदमलताश्री, सौम्यवंदनाश्री, लक्षितज्ञाश्री, प्रीतिधराश्री, सुधाशनाश्री 25 साधु साध्वी मौजूद थी।

# हो रही थी 'कमलनाथ' की दो नाबालिग बेटियों की शादी

## अंक सूची में दर्ज की अलग-अलग जन्मतिथि, विवाह करवाया निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अपने घर से दूर सुनसान पढ़े शासकीय भवनों में जाकर कमलनाथ अपनी नाबालिग बेटियों का विवाह कर रहा था सूचना मिलने पर दल ने जाकर परीक्षण किया तो बालिकाओं की अंकसूची में अलग-अलग जन्म वर्ष सामने आए आधार कार्ड की जन्म तिथि वह बालिकाओं द्वारा बताई गई तिथि का मिलान नहीं होने पर विवाह निरस्त करवा दिया।

बंगाली चौराहे के पास रहने वाले कमलनाथ ने अपनी नाबालिग बेटियों का विवाह रचाने के लिए घर में जगह कम होने के कारण मजदूरी करने वाले स्थान उज्जैन रोड पर बन रही जेल के पास बने पुराने पुलिस क्वार्टर जो जीर्ण शीर्ण हो गए हैं वहां पर मजदूरी करने वाले रहते हैं जाकर अपनी बेटी के विवाह करने की सारी तैयारियां पूरी कर ली। शाम को बारात आना थी, किंतु सूचना मिलने पर लाडो अभियान कोर ग्रुप और चाइल्ड लाइन के सदस्य मौके पर पहुंच गए। उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने बताया कि परिजनों से जब बालिकाओं की उम्र कम होने के कारण विवाह न करने की बात कही गई तो उन्होंने पहले तो बेटियों को बालिग बताया बाद में बालिकाओं की दादी ने अपनी और बच्चियों की माता के बीमार रहने का कारण बताते हुए जल्दबाजी में शादी करने की बात कही। पिता कमलनाथ ने कहा कि उनके यहां विवाह के 5 साल बाद होने का रिवाज है इसके चलते पर शादी के बाद भी बेटी को विदा नहीं करेंगे। पाठक ने परिजनों से बालिकाओं की आयु का प्रमाण मांगा तो उन्होंने दस्तावेज अपने घर पर होने की बात कहकर डालने का प्रयास किया बाद में सख्ती करने पर परिवार ने अंकुश सूची और आधार कार्ड प्रस्तुत किए जिसके अनुसार बालिकाओं की उम्र कम पाई गई। पाठक ने बताया कि परिजनों द्वारा प्रस्तुत की गई स्कूल की अंकसूची ओं में बालिकाओं की जन्मतिथि के साथ वर्ष में बार-बार बदलाव देखने को मिला किसी में बालिका का जन्म 2006 में हुआ था तो किसी में वर्ष 2010 दशार्या गया है। बालिकाओं ने अपनी आयु के संबंध में मौखिक जन्मतिथि के अनुसार वर्ष 2004 और 2005 में जन्म होना बताया। आधार कार्ड में भी उनकी जन्मतिथि अलग ही थी दस्तावेजों में उम्र सही रूप से प्रमाणित नहीं होने और सामने आए दस्तावेजों के अनुसार एक बालिका की उम्र 17 वर्ष और दूसरी की मात्र 15 वर्ष प्रमाणित हुई जिसके चलते परिजनों को समझाइश देकर बाल विवाह निरस्त कराया गया। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन की मंजू चौधरी, गौरव तिवारी व अभिषेक भी उपस्थित थे। मामले में देवगुराडिया और भिचोली मदार्ना कांकड निवासी वर पक्ष को फोन पर समझाइश दी। एसडीएम प्रिया पटेल ने जानकारी के आधार पर वर पक्ष के घर दल भेजा और बारात निरस्त करवाई।

### मेघावी विधार्थी सम्मान 11 को

**इंदौर।** श्री कायस्थ सभा इंदौर,श्री चित्रांश सहयोग एवं कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में 11 जून, रविवार को दोपहर 2 बजे से एस.जी.एस.आई. टी.एस.के गोल्डन जुबली हाल में मेधावी विधार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संयोजक विनोद श्रीवास्तव एवं वीना श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को डॉ. आर सी वर्मा स्कॉलरशिप,मां शीलादेवी स्कॉलरशिप,निरंजन प्रसाद स्कॉलरशिप,श्रीमति सरोज भटनागर स्कॉलरशिप ,श्रीमती सावित्री नर्मदा प्रसाद स्कॉलरशिप एवं मां कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट राऊ द्वारा प्रोत्साहन पुरुस्कार दिए जायेंगे।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# लॉकडाउन में लगे केस वापस लेगी सरकार

●गृहमंत्री बोले- साधारण केस होंगे वापस, दमोह मामले में स्टाफ की भूमिका की जांच होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** चुनाव के पहले शिवराज सरकार ने बड़ा फैसला किया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान नियमों के उल्लंघन करने पर दर्ज किए गए केस वापस लिए जाएंगे। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में अपने आवास पर मीडिया से चर्चा में कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश पर मध्य प्रदेश में कोविड-19 के समय लॉक डाउन का पालन न करने पर साधारण धाराओं में लगाए गए सारे केस वापस लेने का सरकार ने फैसला किया है।

### हुक्का बार पर प्रतिबंध को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि हुक्का बार लाउंज को प्रतिबंधित करने, संबंधी विज्ञापन प्रतिषेध व्यापार वाणिज्य उत्पादन प्रदाय वितरण विनियमन 2023 के संशोधन को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है आगामी विधानसभा सत्र में यह पुनर्स्थापित किया जाएगा। मालूम हो कि मध्य प्रदेश में हुक्का बार का संचालन को प्रतिबंधित करने के लिए सरकार 10 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में संशोधन विधेयक प्रस्तुत करेगी।

### दमोह के गंगा-जमना स्कूल मामले में स्टाफ की भूमिका की होगी जांच

नरोत्तम मिश्रा ने दमोह के गंगा-जमना स्कूल में हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि धारा 295 ए 506 बी 7582 जेजे एक्ट सहित अनेक धाराओं में कार्रवाई की गई है। आगे भी इसमें बयान होंगे अभी प्रारंभिक जांच हुई है जैसे-जैसे बयान होते जाएंगे। नाम सामने आते जाएंगे। और नाम बढ़ते भी जाएंगे। साधारण सी बात है कि स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ कायमी हुई है लेकिन कौन सा शिक्षक था दो उन्हें इस तरह से प्रताड़ित करता था यह दबाव करता था इस कार्य के लिए प्रेरित करता था उसमें कार्यवाही करेंगे।

सामान्य तौर पर जब इस तरह के मामले सामने आते हैं राष्ट्रीय एजेंसी हाउस की जांच करती हैं गमजा गंगा जमुना स्कूल में इस तरह की किसी भी राष्ट्रीय जेंसी ने संपर्क नहीं किया है अगर कोई संपर्क करेगा तो राज्य की पुलिस पूरा सहयोग करेगी

### कांग्रेस की यात्रा में नहीं जाएंगे कमलनाथ

कांग्रेस द्वारा 15 मई से निकाली जा रही यात्रा पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कांग्रेस को यात्रा निकालना चाहिए लेकिन अब तक जितनी यात्राएं कांग्रेस ने निकाली हैं उनमें से एक में भी कमलनाथ शामिल नहीं हुए। मुझे उम्मीद है कि वह इस यात्रा में भी शामिल नहीं होंगे। उम्र के कारण से शामिल नहीं होंगे।

# बोलेरो पर गिरा ट्रक, दो बच्चों समेत 7 की मौत

शादी से लौट रहे थे सभी, गड्ढे में फंसने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी।** सीधी जिले में एक ट्रक पलटकर बोलेरो वाहन पर गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे शामिल हैं। दो गंभीर घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। हादसा बरम बाबा डोल के पास गुरुवार सुबह 11 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक ट्रक गड्ढे में फंस गया था, इसके बाद बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो पर पलट गया।

हादसे में घायल शख्स ने बताया कि सभी यादव परिवार की बारात में सिरसी से कुंदोर कुशमी गए थे। बोलेरो में 8 लोग सवार होकर शादी से लौट रहे थे। रास्ते में नाश्ता करने के लिए रुके ही थे कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक पलट गया। ट्रक के पलटते ही बोलेरो जमीन में चिपक गई। गाड़ी में बैठे 6 लोगों ने दम तोड़ दिया। मरने वाले सभी आपस में दूर के रिश्तेदार थे। वहीं एक स्कूटी चालक भी चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

ट्रक के बोलेरो पर गिरने से गाड़ी बुरी तरह पिचक गई। बोलेरो में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### हादसे में इनकी मौत हुई

1. राजाराम यादव पिता झरियारी यादव (56)
2. सुखलाल यादव पिता पियारे यादव (55)
3. रोहित यादव पिता राजकुमार यादव (15)
4. मंगल यादव पिता हीरालाल यादव (10)
5. शिव कुमार यादव पिता कुंजल प्रसाद यादव (18)
6. आशीष शुक्ला पिता राम कृष्ण शुक्ला उम्र 25 वर्ष (स्कूटी चालक)
7. अज्ञात है। यह गाड़ी चला रहा था।

### घायलों के नाम

1. बुद्ध सेन यादव उम्र 42 साल
2. शिव प्रसाद यादव उम्र 27 साल

# झेलम एक्सप्रेस में दिव्यांग महिला से शर्मनाक व्यवहार

गार्ड ने थप्पड़ मारा, गिरेबान पर हाथ डाला, दिव्यांग कोच से उतारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** पुणे से चलकर जम्मूतवी जाने वाली झेलम एक्सप्रेस में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे पैर से दिव्यांग महिला यात्री से गार्ड ने विवाद किया। विवाद इतना बढ़ा कि गार्ड ने महिला को थप्पड़ मार, उसके गिरेबान पर हाथ डाला। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इटारसी रेलवे स्टेशन पर गार्ड ने पैरों से दिव्यांग महिला को मासूम बेटी, पति के साथ उतरा दिया गया। वैशाखी के सहारे चल रही महिला प्लेटफार्म पर गार्ड के द्वारा थप्पड़ मारने व गिरेबान पर हाथ डालने की बात बार-बार कहती रही, लेकिन ऑन ड्यूटी जीआरपी, आरपीएफ के अधिकारियों का दिल नहीं पसीचा। महिला यात्री ने जीआरपी, आरपीएफ के अधिकारियों पर यह भी आरोप लगाया कि लिखकर दो कि कोच में केवल गार्ड और आपके बीच बहस हुई है। इसके बाद बिना किसी कार्रवाई के उस महिला यात्री, उसके पति को दिल्ली जाने वाली दक्षिण एक्सप्रेस से जाने के लिए कह दिया गया। जिसके बाद वैशाखी लेकर बैठी दिव्यांग महिला,अपनी मासूम बेटी और पति के साथ बैठ गई। यह पुरा घटनाक्रम गुरुवार सुबह करीब 8.15 बजे इटारसी जंक्शन के प्लेटफार्म पर हुआ।

युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोली

# 10 लड़कों ने कई राउंड फायर किए निशाना चूकने से बच गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में कुछ लड़कों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पांच बाइक पर 10 लड़के युवक के घर पहुंचे। वह घर के बाहर टहल रहा था, बाइक से उतरते ही एक आरोपी ने गोली चलाना शुरू कर दिया। युवक इधर-उधर भागता रहा। हमलावर ने कई राउंड फायर किए। गनीमत यह कि हमलावरों के निशाने चूक गए और युवक की जान बच गई।**

जानकारी के मुताबिक नवरात्र में जवारे निकलने के दौरान हनुमानताल में रहने वाले रवि तिवारी और आयुष चौधरी में धक्का-मुक्की को लेकर विवाद हो गया था। आयुष और उसके साथी संजय चौधरी, रोहित प्रजापति और बाबुल कुचबंधिया ने रवि के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। रवि ने इसकी शिकायत हनुमानताल पुलिस में की, जिसके बाद पुलिस ने आयुष और उसके साथियों को गिरफ्तार भी किया था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने रवि पर फायरिंग कर दी।

### अवैध शराब बेचते हैं आरोपी

रवि तिवारी के भाई रूपेश तिवारी ने बताया कि हमलावर अवैध शराब का काम करते हैं। रातभर कॉलोनियों में तेज रफ्तार से बाइक चलाते हैं। फायरिंग की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें हमलावर साफ दिख रहे हैं। देर रात गोली चलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गोलियों की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए थे।

### पुलिस के पहुंचने के पहले हमलावर फरार

हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गुलानी सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी का कहना है कि रवि तिवारी की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ लोकायुक्त ने शुरू की जांच

●कांग्रेस ने की थी शिकायत, मंत्री बोले-मानहानि केस करूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच शुरू की है। कांग्रेस ने उन पर पद और प्रभाव का इस्तेमाल कर बेहिसाब संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाए थे और इसे लेकर 11 मई 2023 को लोकायुक्त को शिकायत की थी। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कांग्रेस के आरोपों को तथ्यहीन बताया। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में मानहानि का केस करेंगे।

कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर लोकायुक्त ने पंजी क्रमांक 572/सी/2023-24, जांच क्रमांक 0035/ई/ 2023-24 दिनांक 30.05.2023 में पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त को 8 अगस्त 2023 तक जांच रिपोर्ट मांगी है।

### कांग्रेस ने लगाए थे बेहिसाब संपत्ति अर्जित करने का आरोप

मध्यप्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया और कांग्रेस आरटीआई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने 30 मई को भोपाल



स्थिति प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने मंत्री भूपेंद्र सिंह और उनके परिवार पर 2008 से 2018 के बीच बेहिसाब संपत्ति एकत्रित करने के आरोप लगाए थे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि साल 2018 के बाद भी मंत्री भूपेंद्र सिंह, उनके परिवार और रिश्तेदारों ने आय से अधिक संपत्ति एकत्रित की।

### मंत्री भूपेंद्र सिंह बोले- मानहानि का केस करूंगा

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी चल-अचल संपत्ति पैतृक और घोषित है। कांग्रेस ने तथ्यहीन आरोप लगाए हैं। पैतृक भूमि पर बैंकों से लोन लेकर बनाई गई संपत्ति को लेकर कांग्रेस भ्रमित कर रही है। उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराएंगे।

# दिग्विजय ने राजनाथ को याद दिलाया वादा : ट्वीट किया

15 साल बाद ब्याज माफ करने आ रहे शिवराज आपको भी मामू बना रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजगढ़ में 15 जून को शिवराज सरकार किसान कल्याण महाकुंभ का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 2900 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान और किसानों के ऋण की ब्याज माफी को सिंगल क्लिक के जरिए उनके खातों में ट्रांसफर करेंगे। राजनाथ के दौरे के पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर उन्हें 15 साल पुराना वादा याद दिलाया है। दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा- राजनाथ सिंह का राजगढ़ में हार्दिक स्वागत। आपको 2008 के विधानसभा चुनाव में आपके द्वारा किसानों का कर्जा माफ करने का वादा याद दिलाना चाहता हूं। 2008 में आपके वादे अनुसार भाजपा की सरकार चुनी गई। 2013 में फिर भाजपा की सरकार बनी, लेकिन भाजपा ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। अब आप 15 साल बाद केवल किसानों का ब्याज माफ करने आ रहे हैं।

MORARI BAPU



## जरूरी नहीं की हर रिश्ते का अंत लड़ाई ही हो, कुछ रिश्ते किसी के खुशी के लिए भी छोड़ने पड़ते हैं।

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### वसन्त देसाई

**वसन्त देसाई (जन्म- 9 जून, 1912, गोवा; मृत्यु- 22 दिसम्बर, 1975, मुम्बई)** भारतीय सिनेमा जगत के प्रसिद्ध संगीतकार थे। संगीत लहरियों से फ़िल्मी दुनिया को सजाने, संवारने वाले महान संगीतकार वसन्त देसाई के संगीतबद्ध गीतों की रोशनी फ़िल्म जगत की सतरंगी दुनिया को हमेशा रोशन करती रही है। फ़िल्म 'दो आँखें बारह हाथ' का प्रसिद्ध गीत 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम' वसन्त देसाई द्वारा ही संगीतबद्ध किया गया था। यह गीत आज भी श्रोताओं द्वारा पूरे मन से सुना जाता है। इस गीत को पंजाब सरकार ने सभी विद्यालयों में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में शामिल कर लिया था।




## संपादकीय

### चिंताजनक घटना

लखनऊ में अदालत परिसर में हत्या इस तरह की कोई अकेली या पहली घटना नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ही पिछले कुछ समय के दौरान कई ऐसे वाकये सामने आ चुके हैं, जिनमें आपराधिक गिरोहों ने लक्ष्य बना कर किसी आरोपी पर गोलीबारी की और उसे मौत के घाट उतार दिया तो कभी किसी गवाह पर सरेआम जानलेवा स्तर तक गोलियां चला कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित एक अदालत कक्ष में ही वकील के वेश में आए हमलावर ने कुख्यात अपराधी और माफिया मुख्तार अंसारी के एक करीबी संजीव महेश्वरी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उसकी हत्या कर दी। गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों, एक डेढ़ साल की बच्ची और उसकी मां को भी गोली लगी। उत्तर प्रदेश में हर कुछ दिन बाद सरकार का दावा होता है कि वहां अपराधियों और अपराध पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और आपराधिक तत्त्व खौफ में हैं। लेकिन हकीकत सबसे सामने है। सवाल है कि किसी कुख्यात अपराधी के मामले पर सुनवाई के दौरान अदालत में किस स्तर की सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था कि वहां ऐसी घटना हो गई। हाल के वर्षों में ज्यादातर संवेदनशील जगहों या परिसरों में प्रवेश के पहले जरूरी जांच-पड़ताल की व्यवस्था है, मेटल डिटेक्टर और अन्य आधुनिक यंत्रों के जरिए व्यक्ति को ऊपर से नीचे तक जांचा जाता है कि कहीं उसके पास कोई अवांछित या घातक हथियार तो नहीं है! लेकिन हैरानी की बात है कि सिर्फ वकील का वेश बना कर कोई अपराधी न केवल अदालत परिसर में, बल्कि अदालत के कक्ष तक में घुस जाता है और उसके पास मौजूद बंदूक या पिस्तौल जैसे हथियार के बारे में किसी को भनक तक नहीं लगती है। कक्ष में भी लोगों को तब पता चलता है जब गोलीबारी शुरू हो जाती है। आम अपराधों की प्रकृति और उसके फैलते पांव के मद्देनजर सरकार यह दावा करती है कि उसने सभी जगहों पर उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। लेकिन आपराधिक घटनाओं पर काबू पाने के लिहाज से चौकस व्यवस्था के मोर्चे पर सबसे सुरक्षित माने जाने वाली अदालतें ही असुरक्षित और खतरनाक साबित होने लगें तो आम जनता के बीच कैसी धारणा बनेगी!

### अर्ज़ किया है..!

*वज़्न हर चीज़ की तौक़ीर*
*बढ़ा देता है*
*ज़िंदगी बोझ सही फिर भी*
*उठाए रखिए*

-ताज भोपाली

## महिला जगत

# भारतीय महिला ने जीती दुनिया की सबसे कठिन रेस, जानें मैराथन ऑफ सैंड की विजेता के बारे में




भारत की एक बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। दुनिया की सबसे कठिन रेस में इस भारतीय महिला ने जीतकर इतिहास रच दिया। इस महिला का नाम महाश्वेता घोष है। बंगाल की रहने वाली महाश्वेता ने सहारा के रेगिस्तान में 256 किलोमीटर की दौड़ लगाकर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। दुनिया की इस सबसे कठिन माने जाने वाली रेस का नाम 'मैराथन ऑफ सैंड' है, जिसमें महाश्वेता ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस रेस में दुनियाभर के कई देशों से प्रतिभागी शामिल हुए। मैराथन में प्रतिभागियों के अकेले रहना होता है। वह अपने परिवार से संपर्क नहीं कर सकते हैं और रेस को सबसे पहले खत्म करने वाला विजेता होता है। आइए जानते हैं इतिहास रचने वाली महाश्वेता घोष के बारे में।

### ● मैराथन ऑफ सैंड क्या है?

मैराथन ऑफ सैंड सहारा के रेगिस्तान में आयोजित होने वाली एक प्रतियोगिता है, जिसमें देश दुनिया के लोग हिस्सा लेते हैं। प्रतियोगिता सात दिन तक चलती है और रेस में कुल 256 किलोमीटर चलना होता है। प्रतियोगियों के लिए बड़ी चुनौती होती है अलग माहौल, मौसम और रेगिस्तानी ट्रैक पर चलना। रोजाना एक टारगेट सेट करके उन्हें इसे पूरा करना होता है। टारगेट पूरा न करने पर प्रतिभागी को डिस्क्वालिफाई कर दिया जाता है।

रेत के कारण चलना मुश्किल हो जाता है। कई जगहों पर रेत के पहाड़ होते हैं। तापमान भीषण गर्म होता है, इस कारण धूप और गर्मी में चलना कठिन होता है। पैरों में छाले पड़ सकते हैं। अत्यधिक प्यास महसूस होती है। इन दौरान उन्हें अकेले रहना होता है, उनके पास न तो फोन होता है और न ही परिवार से संपर्क करने को मिलता है। उनके पास एक बैग होता है, जिसमें खाने पीने का सामान, पानी और टेंट होता है।

### भारतीय महिला ने रचा इतिहास

मैराथन में जीत दर्ज कराने वाली श्वेता बंगाल की रहने वाली हैं। श्वेता एक टेक कंपनी में काम करती हैं। नौकरी के साथ ही मैराथन की तैयारी के लिए वह सुबह चार बजे उठती थीं और रात 10 बजे सो जाती हैं। महाश्वेता अपनी फिटनेस का ध्यान रखने के लिए हेल्दी डाइट लेती हैं और दौड़ का अभ्यास करती हैं।

### ● कैसे पहुंचीं मैराथन तक

महाश्वेता का वजन काफी बढ़ा हुआ था। वह अपने बढ़े वजन से परेशान थीं। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान लाइफस्टाइल बिगड़ने से वह ओवरवेट हो गई थीं। बाद में उन्होंने वजन कम करने की ठानी और दौड़ना शुरू किया। लेकिन यही दौड़ उनकी पहचान बन गई, जब उन्होंने मैराथन ऑफ सैंड में भारत का प्रतिनिधित्व किया और तय समय में दौड़ पूरी की। वर्ष 2019 में महाश्वेता का पैर टूटा, बाद में कोरोना काल शुरू हो गया। उन्हें मौका मिला मैराथन की तैयारी करने का। मैराथन तक का रास्ता तय करने में महाश्वेता के पति ने उन्हें प्रेरित किया।

## Highlights

1. Massive fire breaks out in building in Mumbai's Zaveri Bazar
2. IAS officer shares video of parents celebrating son's 35% marks in 10th exams
3. OpenAI CEO shares pic with PM Modi, says had 'great conversation'
4. BYJU'S plans to lay off 1,000 employees: Report
5. Boy allegedly rapes, hammers minor girl to death & hangs her body before escaping in UP
6. Fire spotted in AC coach of Durg-Puri Express in Odisha
7. Girls used to give birth at 17, read Manusmriti: Guj HC to rape survivor seeking abortion

# Touted as largest recruiter of women, TCS sees rise in female staff's resignation after firm ends WFH

**NEW DEIHI, (Agency).** Largest tech company TCS on Tuesday said attrition among its women employees has raced past the same for men, hinting that the end of work-from-home may have a role to play in it.

Its chief human resources officer Milind Lakkad said that historically, the attrition among women employees - who constitute over 35 per cent of the over 6 lakh-strong workforce - has been lower or similar to that of men, and called the development as "unusual".

"...I would think working from home during the pandemic reset the domestic arrangements for some women, keeping them from returning to office even after everything normalised," he said in an interview published in the company's annual report.

Lakkad acknowledged that the higher attrition among women is a "setback" to the Tata Group company's efforts to promote gender diversity




and added that the company is focusing on reversing the trend.

The annual report did not reveal the exact attrition number on the basis of gender. Its overall attrition peaked in the middle of the fiscal gone by and came down to over 20 per cent at the end of March.

Lakkad said focused leadership development programmes like 'iExcel' are driving change on this front. The annual report said the flagship executive leadership development programme for women has completed 22 editions and 1,450 women leaders have benefitted from it.

Women made up nearly a fourth of the leadership positions fulfilled with internal candidates in FY23, even though they account for only 14 per cent of the applicant pool, Lakkad said.

"This speaks well of the quality of the women candidates in our leadership pool as well as the supportive attitudes of our business leaders in promoting diversity," he added.

Women constituted 38.1 per cent of TCS' net hires in FY23, Lakkad said.

# Zomato deletes 'Kachra' campaign video after facing backlash from netizens over caste row

**NEW DEIHI, (Agency).** Zomato took down a video from YouTube and other social media platforms on Thursday following widespread backlash for caste discrimination from netizens regarding its "Kachra ad campaign". The food delivery platform released the campaign on June 5, World Environment Day, and the advertisement featured actor Aditya Lakhia, known for his role as "Kachra" in the 2001 movie Lagaan. In response to the criticism, Zomato issued an official statement, saying that they had no intention of hurting the sentiments of any communities or individuals. They clarified that the campaign was solely intended to raise awareness about "recycling plastic waste" on World Environment Day. Zomato concluded its statement by confirming the removal of the video.




Zomato's "#KachraBhiKhelega" campaign aimed to promote the recycling of plastic waste, highlighting the company's claim of having already recycled 20 million kg of plastic. The advertisement featured the actor transforming into various everyday objects like a stool, lamp, and hand towel, with a mention of the amount of plastic used in their production. The video emphasised the quantity of plastic recycled to create these objects. The intention of the video was to convey that Zomato recycles twice the amount of plastic it delivers, effectively diverting it from ending up in landfills. The ad says that with recycling, "Kachra" (referring to plastic waste) can be transformed into various useful items.

New Delhi

# इन 9 राज्यों में अगले 5 दिनों तक होगी झमाझम बारिश, यूपी-बिहार में कब बरसेंगे बादल; मौसम विभाग ने बताया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केरल में मॉनसून का आगमन हो चुका है। इसके कारण 9 से अधिक राज्यों में मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विज्ञान विभाग ने 9 जून की अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश के नौ राज्यों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश होने वाली है। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लिए भी पूर्वानुमान जारी किया गया है। आईएमडी ने अपनी रिपोर्ट में बारिश और लू दोनों की बात कही है।



आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 13 जून तक केरल, लक्षद्वीप, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में अगले पांच दिनों तक जोरदार बारिश होने वाली है। इसके अलावा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय और असम में भी गरज के साथ बारिश होने के प्रबल आसार हैं। मौसम में यह परिवर्तन मॉनसून के आगमन के कारण हो रहा है।

वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के अधिकांश इलाकों में अभी कुछ दिनों तक पारा चरम पर रहेगा। लोगों को लू का सामना करना पड़ेगा। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में 13 जून तक लू चलने की बात कही है। इसके बाद स्थिति में सुधार देखने को मिल सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि 14 जून तक इन इलाकों में मॉनसून का आगमन हो सकता है। इसके प्रभाव में बारिश होगी और लोगों को तपतपाती गर्मी से राहत मिलेगी।

Uttarpradesh

# 'बेटी कभी संबंध नहीं बनाएगी...', विदाई से पहले 'ससुर' की 3 शर्तें सुन दूल्हे के उड़े होश



**झांसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से शादी से जुड़ा एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां विदाई के दौरान दुल्हन के पिता ने दूल्हे और उसके परिवार के सामने 3 ऐसी शर्तें रख दीं, जिन्हें सुनकर दोनों के होश उड़ गए. इसमें से एक शर्त ये भी थी कि दूल्हा और दूल्हन के बीच शारीरिक संबंध नहीं बनेंगे.

दरअसल, झांसी जिले के बरुआसागर थाना क्षेत्र के सिनौरा निवासी मानवेंद्र की शादी गुरसरांय में रहने वाली लड़की से तय हुई थी. 6 जून को बारात जानी थी. इसको लेकर मानवेंद्र के घर में खुशियां मनाई जा रही थीं. वो दिन भी आया जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था.

दुल्हन अपने मुंह बोले पिता और बहन के साथ बरुआसागर स्थित मैरिज हॉल पहुंची. ढोल नगाड़ों के साथ बारात भी मैरिज हॉल पहुंची. यहां टीका, जयमाला और सात फेरे जैसी सभी रस्में निभाई गईं. इसके बाद समय आया विदाई का. वर पक्ष विदाई को लेकर तैयारी में लगा हुआ था, तभी दुल्हन ने ससुराल जाने से इनकार कर दिया.

इसकी वजह ये थी कि दुल्हन के मुंह बोले पिता ने दूल्हे और उसके के पिता के सामने तीन शर्तें रखी थीं. इसमें पहली शर्त थी कि दूल्हा और दूल्हन के बीच शारीरिक संबंध नहीं बनेंगे. दूसरी शर्त थी कि दूल्हन अपनी छोटी बहन को अपने साथ ससुराल लेकर जाएगी.

तीसरी शर्त थी कि मुंह बोला पिता कभी भी उसकी ससुराल जा सकेगा और उसे कोई भी नहीं रोकेगा. जब यह तीनों शर्तें दूल्हे के पिता और दूल्हे ने सुनीं तो उन्होंने मानने से इनकार कर दिया. इसके बाद दुल्हन गुस्से में आ गई और डोली में बैठकर ससुराल जाने की बजाय वो अपने मुंह बोले पिता के घर गुरसरांय चली गई.

Rajasthan

# अलवर में दूषित मावे से बनी कुल्फी खाने से करीब 60 लोग बीमार

**अलवर, (एजेंसी)** अलवर में राजगढ़ की रैणी पंचायत समिति के भुलेरी ग्राम पंचायत के खुर्द में दूषित मावे से बनी कुल्फी खाने से करीब 60 व्यक्ति बीमार हो गए, जिन्हें उपचार के लिए राजगढ़, रैणी और बांदीकुई हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इनमें से सात बच्चों की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए अलवर और जयपुर रेफर कर दिया गया है।

खुर्द गांव निवासी लल्लूराम मीना, हरिओम मीना ने बताया कि गुरुवार शाम करीब सवा पांच बजे एक व्यक्ति मावे से बनी हुई कुल्फी बेचने इलाके में आया था। इसे करीब 60 बच्चों, महिलाओं-पुरुषों ने खा लिया था। करीब दो घंटे बाद सभी उल्टी, दस्त और पेट दर्द के शिकार हो गए। जिन्हें उपचार के लिए राजगढ़ चिकित्सालय लाया गया।

इनमें से लव, इंदु, रवि, पुलकित और दिव्या को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ से अलवर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा विजय, प्रिया, पवन, मयंक, आशाराम, अजय, विष्णु, लव, मनीषा, राहुल, अंशु,

Bihar

# नोट्स देने के बहाने छात्रा को कमरे पर ले गया शिक्षक, वीडियो वायरल करने की धमकी दे 10 दिन तक रेप

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना से एक ट्यूशन टीचर द्वारा छात्रा से करीब 10 दिन तक रेप करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। ट्यूशन पढ़ाने वाले केमिस्ट्री टीचर ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी शिक्षक ने 12वीं में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म किया, फिर उसकी अश्लील वीडियो और फोटो खींच ली। फिर वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ सप्ताह तक छात्रा के साथ बलात्कार किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उसपर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता अपने चार अन्य दोस्तों के साथ एसके पुरी थाना इलाके में आरोपी से ट्यूशन पढ़ती थी। उसी जगह उसने छात्रा को ट्रैप किया। नोट्स देने के बहाने कुर्जी स्थित अपने किराये के कमरे में ले जाकर आरोपी छात्रा के साथ दुष्कर्म करता था।

खेल

# Hockey: भारतीय टीम जूनियर एशिया कप महिला हॉकी के सेमीफाइनल में पहुंची

## चीनी ताईपे को 11-0 से रौंदा




**काकामिगाहारा (जापान), (एजेंसी)** भारतीय महिला हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखते हुए चीनी ताईपे को 11-0 से रौंद दिया। इस जीत के साथ टीम ने पूल ए में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की जीत में अनु और सुनेलिता टोप्पो ने दो-दो गोल किए। भारत पूल में अविजित रहा। उसने तीन मुकाबले जीते और एक मुकाबला बराबरी पर छूटा। भारत के लिए गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (1), दीपिका (3), अनु (10,52), ऋतुजा पिसाल (12), नीलम (19), मंजू चौरसिया (33), सुनेलिता टोप्पो (43, 57), दीपिका सोरेंग (46) और मुमताज खान (55 मिनट) ने गोल किए। भारत ने शुरू से दबदबा बनाकर रखा और पहले क्वार्टर में ही 4-0 की बढ़ बना ली। दूसरे क्वार्टर में भारत की बढ़त 5-0 और तीसरे में 7-0 थी। भारत सेमीफाइनल में मेजबान जापान या फिर कजाखस्तान से खेलेगा।

सिनेमा

# 13 साल की बच्ची से रेप के आरोप में भोजपुरी सिंगर गिरफ्तार, सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर करने के बाद खुलासा



भोजपुरी सिंगर बाबुल बिहारी को नाबालिग लड़की से कथित रेप के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंगर ने लड़की की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर दी थी। यह घटना गुड़गांव की है। पुलिस ने बताया कि दो साल पहले बाबुल बिहारी राजीव नगर इलाके में रहता था। जहां उसने 13 साल की बच्ची से दोस्ती की और बहला फुसलाकर उसे एक होटल के कमरे में ले गया। होटल में उसने उसका रेप किया। आरोपी ने उसकी तस्वीरें खींची थीं और फिर सोशल मीडिया पर शेयर कर दीं। नाबालिग लड़की ने इस घटना के बारे में किसी को नहीं बताया था और आरोपी से दूरी बना ली थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने कुछ दिन पहले लड़की की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर दी थीं। तस्वीरों को देखने के बाद नाबालिग के परिवारवालों ने लड़की से पूछताछ की जिसके बाद उसने पूरी बात बताई। तब बुधवार को परिजन पुलिस के पास पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता को काउंसलिंग के लिए भेजा। उसके बाद आरोपी के खिलाफ गुड़गांव के सेक्टर 14 थाने में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एफआईआर की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि परिजनों की शिकायत के कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# जमीन के सौदे में 92 लाख की चपत लगाई

## दूसरे मामले में 21 लाख की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बेटमा पुलिस ने जमीन की दो धोखाधड़ी के मामलों में दो महिलाओं सहित छह के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। एक मामले में जहां 92 लाख रुपए की चपत लगा दी गई। तो वहीं दूसरे मामले में 21 साल की ठगी हो गई।**

पुलिस के अनुसार पहले मामले में बेटमा में युवक के साथ सीहोर में रहने वाले युवक ने जमीन के नाम पर 92 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। जानकारी के अनुसार फरियादी वासुदेव पिता राम गोपाल पाटीदार की रिपोर्ट पर आरोपी असलम खान निवासी सदर बाजार गंधवानी जिला धार के खिलाफ धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक संदीप पोरवाल के मुताबिक मामला 30 सितंबर 2011 का है । फरियादी वासुदेव पाटीदार ने आरोपी असलम खान से 14 बीघा जमीन ग्राम शिवगढ़ बेटमा में खरीदने का अनुबंध किया। 14 लाख 25 हजार रुपए की प्रति बीघा जमीन के हिसाब से उसे 92 लाख से 62 हजार रुपए दिए मगर आरोपी असलम खान ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और ना ही रुपए लौटाए। आरोपी असलम खान के खिलाफ धारा 420 का केस दर्ज किया है।

इसी प्रकार फरियादी समीर पिता हमीद खान निवासी ओल्ड पलासिया की रिपोर्ट पर आरोपी दिलावर खान, महमूद खान, सुल्ताना बी, अफजल खान, हसीना बी और उस्मान खान के खिलाफ बेटमा पुलिस ने धारा 420 और 406 का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी समीर खान ने आरोपियों से 8 जून 2012 को ग्राम सनावड़ा में एक जमीन का सौदा किया था और बयाना के तौर पर 21 लाख रुपए दिए थे मगर आरोपियों ने उसकी रजिस्ट्री नहीं की और जमीन किसी अन्य को बेचकर उसके साथ धोखाधड़ी की।

# बैलगाड़ी पर ढो रहे थे सरिए, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने दो बैलगाड़ी मालिकों पर केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि पीपुल्स फॉर एनिमल्स ने कलेक्टर के आदेश के पालन का हवाला देते हुए इस तरह की गाडियों पर रोक लगाने के मामले में पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।

पुलिस ने पीपुल्स फॉर एनिमल्स संस्था की प्रियांशु जैन की शिकायत पर कल्लू पुत्र रामदयाल यादव निवासी भूसा मंडी और प्रेमनारायण पुत्र राजू बालगर निवासी विशाल नगर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कलेक्टर के आदेश पर केस दर्ज कराया है। प्रियांशु जैन ने बताया कि एमआर 10 पर कलेक्टर के आदेश की अवहेलना करते हुए बैलगाडियों पर भारी भरकम सरिए रखकर ढो रहे थे। रास्ते में रोककर पूछताछ की गई तो वह जवाब नहीं दे पाए। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को देकर दोनों पर केस दर्ज कर बैल एवं गाडियां जब्त कराई गई हैं।

# सोते में आ गई मौत

## महिला को जहरीले जानवर ने काटा

**इंदौर।** चंदन नगर में रहने वाली एक महिला की रात 3 बजे सोते समय मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला नींद में अचानक चीखी। आवाज सुन पास में सो रहा पति उठा। वह कुछ समझ पाता इसके पहले ही महिला ने हाथ की तरफ इशारा किया। महिला के हाथ पर दांतों के निशान थे। परिवार के लोग महिला को आधे घंटे में एमवाय लेकर पहुंचे। लेकिन यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात में सोते समय उसे किसी जहरीले जानवर ने काट लिया था। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक सिथोडा इलाके में रहने वाली सुनीता (30) को उसका पति संजय परमार रात करीब साढ़े तीन बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। यहां डॉक्टरों ने चेक अप के बाद सुनीता को मृत घोषित कर दिया। संजय ने बताया कि रात में वह अपनी पत्नी सुनीता और एक बच्चे के साथ कमरे में जमीन पर सोया था। वही दूसरे कमरे में संजय की मां और दूसरा बच्चा सोया था। इस दौरान अचानक से पत्नी सुनीता अंधेरे में चीखी। संजय डर कर उठे तो पत्नी ने इशारे में बताया कि उसके हाथ में कुछ काटा है। परिवार के लोग सुनीता को सीधे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# करंट से ट्रक जला, इंदौर निवासी ड्राइवर की मौत, अशोकनगर में हुआ दर्दनाक हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर/अशोकनगर। शाढोरा तहसील के बलदाई गांव में 11के वी बिजली तार से टकराने सेकरंट के कारण ट्रक मे लग गई। हादसे में ड्रायवर की जलने से धटना स्थल पर हुई मौत। गुरुवार दोपहर की तेज तपन के बीच यह हृदय विदारक धटना समाने आई है। इंदौर से अपने ट्रक में लकड़ी भरने इंदौर निवासी देवेंद्र राजपूत की मौत बेटे के सामने ही हो गई।**

11 केवी लाइन नीची होने के कारण उससे टकरा गया तो ट्रक में करंट फ़ैल गया एवं आग लग गई। पिता का शरीर आग की चपेट में आया तो बेटा देशराज चाह कर भी कुछ नही कर सका उसकी आँखों के आगे पिता जिन्दा जल गया। शाढौरा से 3 किलोमीटर दूर बलदाई गांव मे इन्दौर निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र दिलीप सिंह राजपूत 52 बर्ष अपने ट्रक को लेकर लकड़ी भरने आया था। गांव मे 11 के वी विद्युत लाइन अधिक नीची होने से ब्रेक लगाते लगाते ही टकरा गया।बिजली के करंट से पिछले टायर मे आग लग गई।मृतक देवेंद्र का बेटा भी ट्रक मे साथ था। उसे कुछ करंट जैसा झटका लगा उसने उतकर देखा टायर ने आग पकड़ ली थी।

जब तक वह कुछ सोच सके तब तक पिता करंट के तेज झटके से बचने ट्रक से कूद गया ओर पहिया के नीचे आ गया। पहिया मे लगी आग की चपेट मे आकर जलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी मे मृतक जो ट्रक का मलिक था, वही ट्रक चला रहा था।व्यापारी लकड़ी भरने बलदाई गांव आया आधा माल भरा हो जाने के बाद दूसरे स्थान माल भरने जाने पर यह हादसा सामने आया मृतक को पोस्टमार्टम के लिए शाढौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया है।

# पुलिस ने आमजन को दी सिटीजन आई की जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए जनसहयोग बेहद जरुरी है। पुलिस जनसहयोग से काफी हद तक अपराधों पर अंकुश लगा सकती है। शहर की सुरक्षा में हाईटेक सुरक्षा साधनों की मदद के लिए पुलिस कंट्रोल रुम पर दो बैठक हुई। पहली बैठक में आम नागरिकों को सिटीजन आई के बारे में जानकारी देकर उनसे सहयोग की अपील की गई दूसरी बैठक में होटल-लाज के प्रबंधन से जुड़े लोगों से अतिथि पोर्टल में पर बाहर से आने वालों के बारे में तत्काल पुलिस को जानकारी देने के लिए आग्रह किया। आम लोगों का भी मानना है कि जनसहयोग से ही पुलिस गुंडे बदमाशों के सबक सिखा सकती है।

**क्या है सिटीजन आई-** सिटीजन आई की तकनीकी सुविधा से ज्यादा से ज्यादा आम नागरिकगण जुड सके इसी उद्देश्य को लेकर शहर के झोन एक की विभिन्न कालोनियों के रहवासी संघो के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को रानी सराय स्थित कार्यालय के सभागार में ली गयी। पुलिस उपायुक्त अपराध एवं आसूचना सुरक्षा निमिष अग्रवाल के दिशा निर्देशन में आयोजित उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रमोद सोनकर, सहायक पुलिस आयुक्त आनंद सोनी द्वारा रहवासी संघों के पदाधिकारियों को सिटीजन आई के बारें में जानकारी दी। शहर हित में लोगों से अपील की जा रहीं है कि वह अपने खुद के लगाए हुए कैमरे जो रोड साइड पर और शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगे हुए हैं उसकी जानकारी उसमें दे। इस सुविधा से किसी समय पर कोई घटना होने पर पुलिस यह देख सकेगी कि उस स्थान पर आसपास कितने प्राइवेट कैमरे लगे हुए हैं चाहे वह लोगों के व्यवसायिक स्थानों पर हो या लोगों के निवास पर हो या कोई चौराहे पर हो, पुलिस इन कैमरों की मदद से उस घटना के संदिग्ध के विरुद्ध कार्यवाही कर पाएगी।

### ● पर्सनल फीड नहीं लेंगे

पुलिस ने सभी को कहा कि वे निश्चिंत रहें इसमें किसी के पर्सनल फीड नहीं लिए जाएंगे और किसी की निजता को भी भंग नहीं किया जाएगा। केवल आवश्यकता पडने पर घर के बाहर ध्रोड साइड के कैमरों की जानकारी ली जाएगी। इस योजना का मकसद सिर्फ शहर व नागरिकों की सुरक्षा है। सिटीजन आई की इस नई तकनीकी सुविधा के लिए आम नागरिक को केवल इतना करना है कि अपने घर संस्थान या दुकान पर कैमरा लगाने वाले व्यक्ति को सिर्फ उसका मोबाइल नंबर, कैमरा जहां लगा है उस जगह की लोकेशन और कितने कैमरे लगाए गए हैं उसकी जानकारी दर्ज करनी होगी। होटल-लाज वालों के लिए अतिथि पोर्टल शहर की होटल-लॉज आदि में बाहर से आने वाले अतिथियों की जानकारी व्यवस्थित रूप से रखने एवं नियमित रूप से उक्त जानकारी पुलिस के अतिथि पोर्टल पर देने के लिए शहर के जोन एक क्षेत्र में स्थित विभिन्न होटल-लॉज के मालिक,मैनेजर तथा इनमें कार्यरत् अधिकारियों की एक बैठक हुई।

अति पुलिस उपायुक्त प्रमोद सोनकर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों को कहा कि इन्दौर शहर प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी होने व देश का एक महत्वपूर्ण शहर होने के कारण प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से काफी सं या मे लोग नौकरी, शिक्षा एवं व्यवसाय के लिए तो शहर मे आते ही है तथा बड़ी सं या में विदेशी नागरिक भी आते हैं जो कि अस्थाई रूप से विभिन्न होटलों-लॉज आदि में रूकते है। अत: शहर की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में बाहर से आकर रहने वाले इस प्रकार के लोगों की जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये जानकारी आप लोग आसानी से आज के डिजिटल युग में हमें ऑनलाईन उपलब्ध करवा सकेंए इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस का अतिथि पोर्टल बनाया गया है।

### ● बार-बार थाने नहीं आना पड़ेगा

उक्त पोर्टल पर सभी होटल-लॉज आदि अपनी कुछ बेसिक जानकारी देकर होटल का रजिस्ट्रेशन करें और आगंतुकों का डेटा भी इस पर डालें जिससे आगंतुकों का डेटा डिजिटल फार्म में संग्रहित रहे ।आवश्यता होने पर पुलिस द्वारा भी वह जानकारी वेबसाइट से भी ली जा सकेगी और आप लोगों को उसे बार-बार थाने जाकर जानकारी भी नहीं देनी पडेगी। बैठक में आए होटल-लॉज के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए पूरी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।